विश्व बने धर्मात्मा।
पापों का हो खात्मा।।

# जयगुरुदेव

जान बचाओ, देश बचाओ।
देश के वीरों आगे आओ।।



निज धाम वासी
बाबा जयगुरुदेव जी महाराज

यकीन करो! जयगुरुदेव नाम
खुदा, भगवान, गॉड का ही है।

जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव
रोज रात को सोने से पहले बराबर
कुछ दिन बोलने से फायदा दिखने लगेगा।



बाबा उमाकान्त जी महाराज

## नववर्ष 2020 का संदेश

इस समय पर हर तरह के लोग दुखी हैं, घर-घर में बीमारी, लड़ाई-झगड़ा, बरकत न मिलना यह तो आम बात हो गई है। अपहरण, बलात्कार, चोरी, ठगी, ईर्ष्या, द्वेष तथा तरह-तरह का वाद, रिश्वतखोरी, नशाखोरी व हिंसा, हत्या बढ़ता जा रहा है। लोग खुदा, भगवान से दूर होते जा रहे हैं।

दु:ख हर्ता पूज्य सन्त उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि समय दिन पर दिन खराब होता जा रहा है। उन्माद इस समय विनाश का कारण बन रहा है। यह वर्ष बड़ा उठा पटकी का रहेगा, इसमें आदमी तथा जानवरों के रोग ज्यादा बढ़ेंगे, तूफान, चक्रवात, भूकंप, आएंगे। विश्व युद्ध के बादल भी मंडराते दिखाई पड़ेंगे। शांति लाने वाले शांति और संधि का भी प्रयास करेंगे समझौता ओछा ( छोटा ) पड़ जाएगा। मंदी अभी और ज्यादा आएगी। ऐसा समय आगे आने वाला है।

बड़े-बड़े घोटाले और बेनामी संपत्तियों, विदेशों में धन रखने वालों के पोल खुलेंगे, सबके सामने आएगा। इसका लोग विरोध करेंगे। पार्टियों में खींचातानी खूब होगी। हड़ताल-तोड़फोड़, देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की योजना लोग बनाएंगे। स्वार्थ में लोग देशभक्ति को भी भूल जाएंगे।

भारत का नुकसान अन्य देशों की अपेक्षा कम होगा। भारत में आध्यात्मिक शक्तियां और भजनानंदी रहते हैं यह देश को बचाएंगे और विश्व पटल पर भारत को ऊंचा स्थान दिलाएंगे, यह सब लोगों को स्पष्ट दिखाई पड़ेगा।

ज्ञातव्य है कि अब तक विश्व के 16 देशों में जाकर देश की आध्यात्म विद्या का ज्ञान कराने वाले ये वही बाबा उमाकान्त जी महाराज हैं जिनका दर्शन करने, सतसंग सुनने, नामदान लेकर भजन करने वालों को हर तरह की तकलीफों को दूर करने के लिए बाबा जी ने कहा कि सभी लोग शाकाहारी हो जाओ शराब जैसे बुद्धि नाशक नशे का सेवन मत करो, मेहनत और ईमानदारी की ही कमाई करो, थोड़ी देर रोज अपने-अपने तौर तरीके से ही सही पूजा भजन इबादत जरुर करो, पेड़-पौधों तथा सभी जीव जंतुओं पर दया करो, जीवों पर दया करो, हड़ताल तोड़फोड़ आंदोलन धरना, घेराव, आगजनी जैसे घृणित कार्य करके अपना ही नुकसान मत करो, माता-पिता, बूढ़े-बुजुर्गों, अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान करो नियम कानून का पालन करो, देशभक्त बनो और बनाओ। नौजवानों किसी के बहकावे में मत पड़ो, अपने थोड़े से फायदे के लिए देश और देश के लोगों का नुकसान मत करो। अरे वीरों मतभेद दूर कर देश को बचा लो तुम्हारा नाम हो जाएगा।

कार्यालय का पता :-

संपर्क नं.:-

विनीत
बाबा जयगुरुदेव संगत
( जिला का नाम ) उत्तरप्रदेश

पीछे पृष्ठ को भी पढ़ें.....

# जय गुरु देव

## परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकान्त जी महाराज के वचन :-

- मनुष्य शरीर रूपी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा के अन्दर मुर्दा, मान्स, मछली, अण्डा, शराब डालकर गंदा मत करो। मुर्शिदे कामिल यानी सच्चे गुरु से रास्ता लेकर थोड़ी देर भजन इबादत जरूर करो जिससे आने वाली जहरीली हवा, बीमारी, भूकम्प, तूफान, ओला वृष्टि आगजनी, दंगा-फसाद से बचत हो सके।

- भारत का संविधान बनाने वाले ने तो बहुत अच्छा बनाया लेकिन उस समय की परिस्थितियां और थीं, पर अब बदल गई। ऐसे समय में संविधान में परिवर्तन कर दिया जाए तो रोजी, रोटी, न्याय, सुरक्षा की समस्या हल हो सकती है। जाति-पांति, भाई-भतीजावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद खत्म हो सकते हैं। गृह और बाह्य युद्ध के खतरे से लोगों को बचाया जा सकता है।

- नियम कानून का पालन करो। किसी की निंदा, बुराई मत करो। गौहत्या, जीव हत्या, आत्महत्या, हड़ताल, तोड़फोड़, आंदोलन व देशद्रोही काम न तो करो और न कराओ। अधिकारी, कर्मचारी, बूढ़े-बुजुर्गों का सम्मान करो।

- याद रखो ! भारत जैसे देश में जब माँ, बहन, बहू, बेटी की पहचान खत्म हो जाती है तब महाभारत जैसा विनाश होता है इसलिए चरित्रवान बन जाओ।

- बच्चों चरित्रवान रहो, माता-पिता व गुरुजनों की सेवा करो, उनकी आज्ञा में चलो। मेहनत से पढ़ाई करो, किसी के बहकावे में आकर देशद्रोही काम मत करो।

- सरकार की तरफ से दो जाति बना दी जाएं एक अमीर और दूसरा गरीब। जिसके पास खाने को है उसे खाने दिया जाये और जिसके पास नहीं है उसकी व्यवस्था कर दी जाए तो जाति-पांति, आरक्षण-अनारक्षण का झगड़ा-झंझट सब खत्म हो जाएगा।

- धार्मिक भावना रखो, भगवान से प्रेम जरूर करो लेकिन उन्माद में आकर किसी की जान मत लो क्योंकि मालिक के नाम पर खून बहाने से वो कभी खुश नहीं हो सकता।

- याद रखो! इबादत के लिये दिये गये जिस्म से यदि गुनाह किया तो दोजख़ में सजा भोगनी पड़ जाएगी।

- **बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा- अरे देश के मुट्ठी भर नेता कहलाने वाले लोग देश में कौम-कौमियत जात-पात का तिफरका पैदा करके अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए देश व देश की जनता को तिफरके की अग्नि में मत झोंको, अरे सोचो ये जमीन और जहान खुदा, भगवान ने इंसान के लिए बनाया है न कि किसी हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र के लिए बनाया। विचार करो और देखो हड्डी, पसली, खून, मांस सबका एक जैसा आंख, कान, मुंह और टट्टी पेशाब का रास्ता सभी का एक जैसा है। अगर आप सच्चे खुदा, भगवान को मानते हो और उनसे कुछ चाहते हो तो जान बचाओ देश बचाओ, सतयुग लाकर बरकत पाओ।**


| बाबा उमाकान्त जी महाराज के आश्रम का पता :- | बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड, उज्जैन, म.प्र. ( भारत ) |
|---|---|
| | 9575600700, 9754700200   BabaJaigurudevUjjain |